राजस्थान लोक सेवा आयोग

<u>प्रेस–नोट</u>

दिनांकः–22.07.2021

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 10/भर्ती/मूल्यांकन अधिकारी/2019–20 दिनांक 21.01.2020 के अन्तर्गत मूल्यांकन अधिकारी (Evalution Officer), आयोजना विभाग की भर्ती हेतु कुल 06 पद विज्ञापित किये गये थे। उक्त पदों की भर्ती के अन्तर्गत आयोग के आदेशानुसार 03 बार जारी संवीक्षा परिणामों में सफल कुल 25 अभ्यर्थियों में से विज्ञापन के अनुसार समुचित पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण आयोग के आदेशानुसार दिनांक 23.08.2020 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा में उपस्थित कुल 423 अभ्यर्थियों में से 398 (423-25=398) अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन पत्र भरकर मय दस्तावेजों के आयोग कार्यालय में जमा करवाने हेतु S.M.S. दिनांक 09.07.2021 एवं पत्र दिनांक 13.07.2021 द्वारा सूचित किया जा चुका है।

इसके क्रम में उक्त पदों हेतु दिनांक 23.08.2020 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा में उपस्थित रहे वे समस्त अभ्यर्थी, जिन्होनें अभी तक विस्तृत आवेदन पत्र भरकर आयोग कार्यालय को प्रेषित नहीं किया है, उन्हें अंतिम रूप से यह सूचित किया जाता है कि आप <u>विस्तृत आवेदन पत्र भरकर मय अनुभव प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों</u> के 05 दिवस के भीतर आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय को प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त पदों हेतु उनकी अभ्यर्थिता बिना किसी अन्य सूचना के पात्रता जांच के अभाव में रद्द कर दी जावेगी।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव